(3)

COOP

Phone :- 0612-2219819
Fax :- 0612-2232377
E-mail :- biscomaun@gmail.com
info@biscomaun.co.in

# बिहार राज्य सहयोग क्रय–विक्रय संघ सीमित

**(बिस्कोमान)**

बिहार एवं झारखण्ड

छठा तल, बिस्कोमान टॉवर, पश्चिमी गाँधी मैदान, पटना-800001

Ref. No. बिस्को/213/बी-792 Date:- 10/02/2024

सेवा में,

अध्यक्ष,
समिति का नाम ..........................................,

निबंधित–डाक
स्पीड–पोस्ट द्वारा

समिति का निबंधित पता ..........................................,
..........................................,
..........................................,

(सभी सम्बद्ध अंशधारी सहकारी समितियाँ),
बिस्कोमान (बिहार–झारखण्ड)।

विषय :– **बिस्कोमान के निदेशक पर्षद के निर्वाचन/गठन हेतु बिस्कोमान (बिहार–झारखण्ड) से सम्बद्ध सहकारी समितियों के प्रतिनिधि का नाम भेजने के संबंध में।**

प्रसंग :– जिला पदाधिकारी–सह–निर्वाची पदाधिकारी, बिहार राज्य सहयोग क्रय–विक्रय संघ सीमित (बिस्कोमान), पटना का पत्रांक–367 दिनांक 10.02.2024

महाशया/महाशय,

भारत सरकार, नई दिल्ली, सहकारिता मंत्रालय के सहकारी निर्वाचन प्राधिकार (Cooperative Election Authority) के पत्रांक CEA-12011/25/2023, दिनांक 02.12.2023 के आदेश द्वारा प्रासंगिक पत्र के आलोक में निदेशानुसार सूचित करना है कि बिहार राज्य सहयोग क्रय–विक्रय संघ सीमित (बिस्कोमान), बिहार एवं झारखण्ड, पटना के निदेशक पर्षद के निर्वाचन/गठन हेतु निर्वाचन कार्यक्रम निर्गत कर दिनांक 10.06.2024 को विशेष आम–सभा द्वारा निदेशक पर्षद का निर्वाचन/गठन किया जाना है।

उपरोक्त निर्वाचन प्रक्रिया अन्तर्गत बहुराज्यीय सहकारिता अधिनियम 2002 (यथा संशोधित–2023) की धारा 38 (3) के अन्तर्गत जिला स्तरीय डेलिगेटस के निर्वाचन हेतु बिस्कोमान की उप–विधि के प्रावधान–20 के अनुरूप सामान्य निकाय की विशेष आम–सभा में भाग लेने हेतु आपके समिति के प्रतिनिधि का नाम प्राप्त कर अग्रेत्तर कार्रवाई की जानी है।

अतः अनुरोध है कि बहुराज्यीय सहकारी समिति नियमावली 2002 (यथा संशोधित–2023) की धारा–19 H, (5) के प्रावधान के आलोक में तत्संबंधी प्रतिनिधित्व के लिए समिति के प्रतिनिधि का नाम/समिति के प्रबंध समिति का अद्यतन प्रस्ताव सहित जिससे प्रतिनिधित्व का विधिवत निर्णय हो/का सक्षम प्राधिकार (जिला सहकारिता पदाधिकारी/सहायक निबंधक स0स0/प्रखण्ड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी/सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधक) स्तर से प्रतिनिधि के हस्ताक्षर का सत्यापन सहित संलग्न परिविष्ट–1 में अभिप्रमाणित एवं सत्यापन के साथ दो फोटोग्राफ (पासपोर्ट आकार का) सहित निर्धारित समय दिनांक 14.03.2024 (बृहस्पतिवार) कार्य दिवस के अपराह्न 05:00 बजे तक निम्नलिखित पता पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करना चाहेंगे। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त प्रस्ताव/आवेदन पर विधिवत विचार करना सम्भव नही होगा।

इस संबंध में किसी भी प्रकार के सहयोग अथवा मार्ग–निदेशन के लिए बिस्कोमान के सचिव–सह–नोडल पदाधिकारी, निर्वाचन के मोबाईल नं0–9386595429 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

विश्वासभाजन

**प्रतिनिधित्व हेतु प्रस्ताव प्राप्त करने का पता :–**

प्रबंध निदेशक,
बिस्कोमान टॉवर (छठा तल),
पश्चिमी गाँधी मैदान,
पटना–800001, (बिहार),
ई–मेल– info@biscomaun.co.in

10/2/2024

(आर0पी0 सिंह)
प्रबंध निदेशक,
बिहार राज्य सहयोग क्रय–विक्रय संघ सीमित,
बिस्कोमान (बिहार–झारखण्ड),
पटना।

Managing Director
Bihar State Co-operative Marketing Union Ltd.
PATNA-800001

BIHAR STATE CO-OPERATIVE MARKETING UNION · BIHAR & JHARKHAND · BISCOMAUN PATNA

ज्ञापांक – निर्वाचन/213/बी-792 दिनांक – 10/02/2024

प्रतिलिपि –

1. केन्द्रीय निबंधक, सहयोग समितियाँ–सह–निर्वाचन प्राधिकार, सहकारिता, सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, 9th Floor, Tower-E World Trade Center, Nauroji Nagar, Delhi-11028
2. निबंधक सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना/झारखण्ड, राँची
3. जिला पदाधिकारी, पटना–सह–निर्वाचन पदाधिकारी, बिस्कोमान, बिहार एवं झारखण्ड, पटना, हिन्दी भवन, छज्जूबाग, पटना, एवं
4. सहायक निबंधक (सहकारिता), सहकारिता निर्वाचन प्राधिकार, सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, 9th Floor, Tower-E World Trade Center, Nauroji Nagar, Delhi-11028

की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

10/2/2024

प्रबंध निदेशक

Managing Director
Bihar State Co-operative Marketing Union Ltd.
PATNA-800001

ज्ञापांक – निर्वाचन/213/बी-792 दिनांक – 10/02/2024

प्रतिलिपि –

सचिव–सह–नोडल पदाधिकारी (बिस्कोमान निर्वाचन कार्य), बिस्कोमान, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उन्हें निदेश दिया जाता है कि तत्संबंधी सूचना विभागीय वेबसाईट www.biscomaun.co.in पर सभी समितियों के सर्व सुलभता हेतु उपलब्ध कराते हुए वांछित प्रस्ताव समय पर प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे।

10/2/2024

प्रबंध निदेशक

Managing Director
Bihar State Co-operative Marketing Union Ltd.
PATNA-800001

F:\Ruby bhatt\Election 2024\19-02-2024.doc

# बिस्कोमान से सम्बद्ध सोसाइटी के प्रतिनिधि का प्रतिनिधित्व/निर्वाचन में भाग लेने हेतु विहित प्रपत्र

| प्रतिनिधि का फोटो (अभिप्रमाणित) |
|---|

समिति का पूरा नाम एवं पता ............................................................
............................................................

समिति का निबंधन संख्या ............................................................
............................................................

(बिहार राज्य सहयोग क्रय–विक्रय संघ सीमित (बिस्कोमान), बिहार एवं झारखण्ड, पटना की सामान्य निकाय की विशेष आम–सभा की बैठक में भाग लेने के लिए प्रतिनिधि को नामित करने संबंधी प्रस्ताव की सत्यापित प्रति भी संलग्न करना आवश्यक होगा)

प्रस्ताव संख्या .................. बैठक की तिथि ..........................

प्रस्ताव पारित किया जाता है कि श्री/श्रीमती ............................................... आयु....................
पिता/पति का नाम ........................................................ पदनाम ........................................
आवासीय पता ..............................................................................................................................
...............................................................................................................................................
समिति का पता पिन कोड सहित .......................................................................................................
...............................................................................................................................................
राज्य का नाम ................................... दूरभाष सं0/मोबाईल सं0 ............................................ को समिति/संघ की ओर से बिस्कोमान की सामान्य निकाय की विशेष आम–सभा में निर्वाचन कार्य में प्रतिनिधित्व करने के लिए नामित किया जाता है। उन्हें निर्वाचन में भाग लेने, मतदान करने और यदि आवश्यक हो तो निर्वाचन से अपना नाम वापस लेने के लिए प्राधिकृत किया जाता है।

प्रतिनिधि का हस्ताक्षर .................................

दिनांक .................................

अध्यक्ष/प्रशासक/प्राधिकृत प्राधिकार
(कार्यालय मुहर के साथ)

(समिति के कार्य क्षेत्र अन्तर्गत के जिला सहकारिता पदाधिकारी/सहायक निबंधक स0स0/प्रखण्ड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी/सहकारी बैंक के प्रबंधक/शाखा प्रबंधक जहाँ पर समिति का कार्यालय है, के मुहर सहित उपरोक्त प्रस्ताव एवं प्रतिनिधि के हस्ताक्षर का सत्यापन अभिप्रमाणित करना विधिवत वांछित है)